महत्वपूर्ण एवं खास

धमतरी में दो दिन में 12 लाख रुपए जब्त : ओड़िशा के व्यापारी से 10 लाख बरामद

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के चलते पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है. आज बोराई चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने ओडिशा के व्यापारी से 10 लाख रुपए बरामद किया है. ओडिशा के व्यापारी सुब्रत मंडल दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिस पर पुलिस ने राशि जब्त की. बता दें दो दिन में धमतरी पुलिस 12 लाख रुपए जब्त कर चुकी है. थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत हमराह स्टाफ के साथ पुलिस बेरियर नाका बोराई पहुंचकर सरप्राइस चेकिंग कर रही थी. इस दौरान वाहन क्रमांक टाटा हेरियर कार क0 ष्ट्र-04 रूस्- 1627 ओडिशा की ओर से आ रहा था, जिसे रोक कर उक्त वाहन कर तलाशी लेने पर चालक के अलावा एक व्यक्ति सामने सीट पर बैठा हुआ मिला. उन्होंने अपना नाम सुब्रत मंडल पिता स्व. चंन्द्रकांत मंण्डल निवासी रायघर, जिला नवरंगपुर प्रांत (ओडिशा) निवासी होना बताया. उनके पास से एक सफेद कलर के बैग में भरा हुआ 500-500 रुपए का 100 नोटों का बीस गड्डी जुमला 10 लाख रुपए बरामद किया गया. इससे पहले 18 अक्टूबर को धमतरी पुलिस ने करेली बड़ी चौकी क्षेत्र के एसएसटी चेक प्वाइंट बुड़ेनी नवागांव में वाहनों की जांच के दौरान 218500 रुपए बरामद किया था. एसएसटी टीम ने केशव पंडा पिता भास्कर पंडा निवासी ग्राम कामरा ओड़िशा से 218500 रुपए नगद राशि जब्त की थी. उक्त नगदी रकम के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर पुलिस ने कार्रवाई की थी.

कोरबा पुलिस ने चेकिंग पॉइंट पर जब्त की तीन लाख पचास हजार नगदी रकम

कोरबा (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुडिया थाना प्रभारी दीपका अश्वनी राठौर के नेतृत्व में आज दिनांक - 22.10.23 को दीपका स्टॉफ ,वाहन चेकिंग हेतु झाबर - दीपका रोड के लिये रवाना हुए थे कि झाबर पेट्रोल पम्प के पास मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर सभी आने जाने वाहनों का चेकिंग कर रहे थे कि एक व्यक्ति चारपहिया वाहन इनोवा ष्ट्र-10ह्क्च-0157 से आया जिसे रोककर पूछताछ किया गया जिन्होने अपना नाम * प्रजोत सलूजा पिता सुशील सलूजा उम्र 32 वर्ष ,साकिन - टिकरापारा ,थाना - सिटी कोतवाली ज़िला - बिलासपुर का रहने वाला बताया और उसके इनोवा कार के डिक्की को चेक करने पर 3,50,000 /- रुपये नगदी रक़म मिला जिसके संबंध में वैध दस्तावेज पेश नही किया।* जिससे उक्त रक़म संदिग्ध होने पर गवाहों के समक्ष जप्त कर धारा 102 जा.फ़ौ. के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही किया गया है आगामी चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने लगातार चेकिंग की जा रही हैं।

नशाली दवाई पर की गई कार्यवाही

कोरबा (आरएनएस)। जब्ती कार्यवाही 50 स्ट्रीप में 500 नग नाईट्रोसन 10 (नशीली दवाई) किमती 6500 रुपये बिक्री रकम 500 रुपये कुल व एक काले रंग की बजाज पल्सर मोटर सायकल तथा एक आई फोन 14 प्रो मैक्स मोबाईल। पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला द्वारा क्षेत्र में अवैध नशीली दवाई के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक राबिन्सन गुरिया के मार्गदर्शन पर आज दिनांक 22.10.2023 को मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि आदर्शनगर कुसमुण्डा के निवासी हिमांशु पाल से एक सफेद रंग के पॉलिथिन में मोटर सायकल बजाज पल्सर क्र. सीजी 10 ई जे 9850 के सीट के नीचे रखे नशीली मनोउत्तेजक टेबलेट जो प्रतिबंधित है को रखकर आदर्शनगर स्टेडियम में घुम घुमकर बिक्री कर रहा था।

निगरानी दलों ने जब्त की 14.33 करोड़ रूपए की नकद व वस्तुएं

❐ कानून व्यवस्था बनाए रखने तेजी से हो रही प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उक्त जारी निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रदेश में निगरानी दलों की सघन जाँच की कार्रवाई लगातार जारी है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से 21 अक्टूबर तक की स्थिति में 14 करोड़ 33 लाख 25 हजार रूपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई है, जिसमें 4 करोड़ 56 लाख 78 हजार रूपए की नगद राशि शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 21 अक्टूबर तक 20 हजार 261 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 61 लाख 37 हजार 984 रूपए है। साथ ही 2638 किलोग्राम अन्य नशीली वस्तुएं जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ 7 लाख 83 हजार 537 रुपए है भी जब्त किया गया है। सघन जाँच अभियान के दौरान 2 करोड़ 29 लाख 26 हजार रूपए कीमत के 132 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 4 करोड़ 77 लाख 98 हजार 361 रूपए है, भी

जब्त की गई हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में 12495 लाइसेंसी हथियारों में 10524 हथियार जमा किये गये हैं, 3 जब्त किये गये हैं और 12 कैंसल किये गये हैं। आम्र्स एक्ट के अंतर्गत 1354 प्रकरण बनाये गये हैं और इसके अंतर्गत 1411 हथियार जब्त किये गये हैं। 54 लोगों को जिलाबदर किया गया है। एमवी एक्ट के अंतर्गत 3 लाख 89 हजार 94 प्रकरणों में 19 करोड़ 35 लाख 72 हजार 457 रुपए की कार्रवाई की गई है। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अंतर्गत 1 लाख 43 हजार 736 प्रकरणों में 1 लाख 91 हजार 57 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई है तथा 1 लाख 10 हजार 735 बाउंड ओवर किये गये हैं।

रायपुर जिले में 468 लीटर शराब और 10 दोपहिया वाहन जब्त, 63 आरोपी गिरफ्तार

विधानसभा निर्वाचन - 2023 के मद्देनजर रायपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के दिशा-निर्देशन में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में आबकारी विभाग की टीम द्वारा शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर कड़ी निगरानी रख रही है। राज्य में विधानसभा निर्वाचन की आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक रायपुर जिले में शराब के अवैध परिवहन एवं विक्रय के मामले में विभिन्न स्थानों एवं व्यक्तियों से 468 लीटर मदिरा तथा 10 दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। उक्त मामले में आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 62 प्रकरण पंजीबद्ध कर 63 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब की कीमत 2.86 लाख रूपए तथा जब्त किए गए दोपहिया वाहन का मूल्य 4.24 लाख रूपए है। जिले में शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध विक्रय, परिवहन एवं धारण पर रोकथाम हेतु शिकायत दर्ज कराए जाने हेतु टेलीफोन नंबर 0771-2428201 जारी किया गया है एवं इसके अतिरिक्त आबकारी विभाग के द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 14405 पर कोई भी आम नागरिक शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायतकर्ता के नाम को पूर्ण रूप से गुप्त रखा जाकर प्राप्त शिकायतों पर जिला रायपुर के आबकारी विभाग टीम के द्वारा त्वरित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

रायपुर एम्स के अकाउंट सेक्शन में फर्जीवाड़ा : रसीद में हेरफेर कर अफसर ने किया 28 लाख का गबन, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधनी रायपुर में संचालित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लाखों की फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। एम्स के वित्त विभाग में कार्यरत लेखा अधिकारी ने फर्जी रसीद व अन्य कुटरचित दस्तावेजों से लगभग 28 लाख रुपए का गबन किया। इस मामले में एम्स के सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार सिंह कुशवाहा की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने कनिष्ठ लेखा अधिकारी एम्स टाटीबंध रायपुर योगेन्द्र पटेल व अन्य के खिलाफ धारा 409-आईपीसी, 420-आईपीसी, 467-आईपीसी 468-आईपीसी, 471-आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

इस मामले में एम्स प्रबंधन की ओर से सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार सिंह कुशवाहा नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। एम्स में वित्तीय गड़बड़ी का यह पूरा मामला जुलाई-2022 में सामने आया था। कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नितिन रामभाऊ वंजारी ने तत्कालीन कुलसचिव प्रो. नितिन आर गायकवाड़ से शिकायत की थी कि कुलसचिव कार्यालय में पीजी जेआर डा. अनिरूद्ध मेश्राम ने नो-ड्यूज के साथ जो रसीद दी है, वह पूर्व प्राप्त रसीद संख्या से अलग थी। शक होने पर डा. मेश्राम से इसे लेखा विभाग से सत्यापित कराने कहा गया।

जांच के लिए बनाई गई थी कमेटी

वित्त विभाग के अधिकारी योगेंद्र पटेल ने इस प्रकरण में नितिन वंजारी को फोन कर नो ड्यूज करने के लिए कहा और उन्हें ऐसा करने के लिए बीस हजार रुपए की पेशकश की। आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल ने ड. मेश्राम से पचास हजार रुपए देने की बात भी स्वीकार की। इस शिकायत के आधार पर एम्स प्रशासन द्वारा पूरे प्रकरण मे की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित की गई। जिसमें प्रो. विनय आरपंडित विभागाध्यक्ष, एसोसिएट डीन (एकेडमिक्स) शिव शंकर शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी और विनोद एफसीएओ सदस्य बनाए गए।

नो ड्यूज लेटर के नाम पर ली गई राशि

जांच कमेटी ने जांच में पाया गया कि वित्त एवं लेखा विभाग मे कार्यरत कनिष्ठ लेखा अधिकारी योगेंद्र पटेल ने 20 कर्मचारियों व छात्रो को नो ड्यूज दिया। इनमें प्रमुख रूप से वह कर्मचारी व छात्र शामिल थे जो पद व कोर्स छोडने से पूर्व दिए जाने वाले नोटिस समय को पूरा करने की बजाय उसकी एवज में धनराशि जमा कराकर एम्स में नौकरी व कोर्स छोड़ रहे थे।

आरोपी योगेंद्र ने इन सभी को एक ऐसी रसीद बुक से रसीद काटकर दी जो उस समय प्रचलित नही थी। इसकी एवज में जो धनराशि व डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित कम्रचारी छात्रा ने दिया उसकी एवज में राशि एम्स के खाते में जमा नही हुई।

इस प्रकार 20 प्रकरण में कुल 27 लाख 89 हजार 400 रुपए का कोई विवरण एकाउंट्स विभाग में नहीं मिला। इनके नो ड्यूज या रसीद पर आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल के हस्ताक्षर पाए गए।

पत्नी को जिंदा जलाने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

सिमगा-रायपुर (आरएनएस)। सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम किरवई में एक जल्लाद पति ने अपनी पत्नी को बेटा पैदा नहीं करती कहते हुए पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। इस आगजनी में किसी तरह से बची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना कल सुबह की है। ग्राम किरवई में रहने वाला आरोपी सुखमन कटाले का अपनी पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता था। विवाद का कारण दंपत्ति का कोई बेटा नहीं होना था। इसके लिए आरोपी सुखमन कटाले अपनी पत्नी को दोष देकर अक्सर मारपीट करता था। कल सुबह भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ तो आरोपी ने तैश में आकर घर के आंगन में खड़ी मोटर साइकिल से पेट्रोल निकाला और अपनी पत्नी के शरीर में उड़ेल कर आग लगा दिया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर घर के लोगों ने किसी तरह से उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। यहां गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता का उपचार चल रहा है। पीड़िता की शिकायत व बयान के आधार पर सिमगा थाना पुलिस ने आरोपी सुखमन के खिलाफ हत्या का प्रयास दर्ज करते हुए उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया है।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक और कार को मारी टक्कर, एक की गई जान, दो घायल

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी से लगे अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसुलीडीह से एक भीषण सडक़ हादसा की खबर सामने आई है। बताया जाता है कि

एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में लेते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिसके बाद अनियंत्रित ट्रक एक घर में जा घुसा। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव और घायलों को अस्पताल पंहुचा दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

बता दें कि घटना शनिवार की रात 8 बजे की है। ग्राम परसूलीडीह में ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएन 6233 के चालक वीरेंद्र साहू 43 वर्ष निवासी ग्राम बिहार ने बाइक .क्रमांक सीजी 07 एएफ 7852 में सवार कमल राजपूत 36 वर्ष निवासी नयापारा को ठोर्क मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद ट्रक ने रोड में खड़े कार क्रमांक सीजी 08 एस 7982 को ठोकर मार दिया और कमल कुमार चेलक के घर की दिवार में घुस गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर को भी चोटे आई है। वही हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक चालक से मारपीट भी की। जिसे गंभीर हालत में सीएचसी अभनपुर छोड़ा गया। जहाँ उसका इलाज जारी है।

डबरी में डूबकर मासूम भाई-बहन की मौत, गांव में शोक का माहौल

पलारी-रायपुर (आरएनएस)। पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम गिरी में एक हृदयविदारक घटना में दो मासूम बच्चों की डबरी में डूबकर मौत हो गई। बच्चों का शव जब बाहर निकाला गया तब भी दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए थे। यह दृश्य देखकर पत्थर दिल इंसानों का भी कलेजा पसीज गया था। हादसे के बाद से ही पूरे गांव में शोक का माहौल छाया हुआ है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृत बच्चों का नाम गीतांजलि पिता घनश्याम धीर निवासी गिरी थाना पलारी और केशव पिता भारत धीवर निवासी देवर तिल्दा थाना खरोरा है। दोनों ममेरे-फुफेरे भाई-बहन थे। मृत बच्चों की उम्र साढ़े 5 वर्ष और एक ही करीब 4 वर्ष बताई गई। दोनों बच्चे खेलते-खेलते डबरी की ओर चले गए थे। काफी समय तक जब दोनों नहीं लौटे तो परिजनों ने बच्चों की खोजबीन की। इस बीच पता चला कि दोनों बच्चों को डबरी के पास देखा गया था। इसके बाद घबराए परिजन डबरी की ओर दौड़े, जहां पचरी के पास ही दोनों बच्चों की चप्पलें रखी हुई थी। संदेह होने पर परिजनों के साथ ही ग्रामीणों ने डबरी में उतरकर तलाश की तो दोनों बच्चों का शव मिल गया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। जब बच्चों का शव बाहर निकाला गया तो दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों एक-दूसरे को बचाने के लिए काफी संघर्ष किए होंगे। इस दृश्य देख ग्रामीणों का कलेजा फट पड़ा और पूरे गांव में शोक फैल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लेते हुए शव पीएम के लिए भेज दिया है।

यूनिट लाइन परिसर दर्री में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन

कोरबा (आरएनएस)। सीआईएसएफ इकाई केएसटीपीपी कोरबा में मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन दिलीप कुमार पटेल, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सी. शिवकुमार, यूनिट कमांडर सीआईएसएफ और एचओपी एनटीपीसी कोरबा के साथ यूनिट लाइन परिसर दर्री में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन कमांडेंट कार्यालय के सामने नवनिर्मित शहीद स्मारक में किया गया किया गया। कार्यक्रम में सभी सीएपीएफ और राज्य पुलिस बलों के वीर पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सटीकता और अनुशासन के साथ सीआईएसएफ कर्मियों के एक औपचारिक स्मृति परेड के साथ हुई। सभी बल कर्मी और गणमान्य व्यक्ति शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं, जो देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी पुलिस कर्मियों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है।

मानव संसाधन निदेशक दिलीप कुमार पटेल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सी. शिवकुमार सहित गणमान्य व्यक्तियों ने सीआईएसएफ की अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण को स्वीकार करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देश की संपत्ति और सुरक्षा की सुरक्षा में सीआईएसएफ की निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। दिलीप कुमार पटेल ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सीआईएसएफ के समर्पण और समारोह के अनुकरणीय आयोजन के लिए गहरी सराहना व्यक्त की। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा सीआईएसएफ को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका में सक्षम बनाने के लिए दिए गए समर्थन की पुष्टि की।

सीआईएसएफ कर्मियों ने अपने यूनिट कमांडर अभिषेक चैधरी, कमांडेंट सीआईएसएफ के कुशल नेतृत्व में हमारी महत्वपूर्ण संपत्तियों की सुरक्षा में अपने कर्तव्यों को जारी रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण दिखाया। पटेल ने कहा कि वह सभी सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। हम उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं और कोई भी आवश्यक समर्थन और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

राजधानी रायपुर के प्राचीन रावणभाठा मैदान में दशहरा उत्सव की तैयारियां तेज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में मंगलवार को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में दशहरा को लेकर खास तैयारियां चल रही हैं। वहीं शहर के डब्ल्यूआरएस कालोनी, समता कालोनी, बीटीआई ग्राउंड में भी दशहरा मनाने जोरदार तैयारी की जा रही है।

विजयादशमी पर्व के लिए दशहरा मैदानों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। शहर के सबसे प्राचीन व ऐतिहासिक महत्व के रावणभाठा मैदान में इसके लिए खास तैयारियां की जा रही है। दशहरा उत्सव समिति के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रावणभाठा मैदान में रावण के साथ कुंभकरण व मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। इसके पश्चात जोरदार आतिशबाजी की जाएगी जो कि देखने लायक होगी। इसके पूर्व मैदान में अखाड़ों का प्रदर्शन अनेक अखाड़ा समितियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान पतंगबाजी भी दिन भर चलती रहेगी। अखाड़ा प्रदर्शन के बाद प्राचीन दूधाधारी मंदिर से श्रीराम-लखन की सवारी रावणभाठा मैदान आएगी। यहां श्रीराम व रावण की सेना के मध्य भयंकर युद्ध का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। अंत में श्रीराम के द्वारा रावण पुतले पर अग्निबाण छोडक़र रावण का अंत किया जाएगा। इसके पश्चात रावण पुतले का दहन होगा। इस दौरान मैदान के चारों ओर से भव्य और आकर्षक आतिशबाजी दर्शकों को रोमांचित करती रहेगी। इसी तरह डब्ल्यूआरएस कालोनी में भी रावण का विशाल पुतला तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा यहां भी मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला दहन किया जाएगा। बीटीआई ग्राउंड, समता कालोनी सहित शहर के अन्य इलाकों में रावण दहन व दशहरा उत्सव की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं।

दुर्गाष्टिमी पर शहर के देवी मंदिरों में हुआ हवन-पूजन

रायपुर (आरएनएस)। दुर्गाष्टमी के पावन पर्व पर आज राजधानी रायपुर के देवी मंदिरों के अलावा चौक-चौराहों में विराजित मां दुर्गा के पंडालों में सुबह से ही हवन-पूजन शुरू हो गया था। अष्टमी के अवसर पर आज अनेक देवालयों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही शहर में कई जगहों पर माता के नाम (भंडारा) प्रसादी का वितरण किया गया। नवरात्रि के आज आठवें दिन दुर्गाष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों में शुभ मुर्हूत के साथ ही हवन-पूजन का दौर शुरू हो गया है। शहर के अधिकांश देवी मंदिरों में आज हवन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके अलावा चौक-चौराहों में विराजित मां दुर्गा के पंडालों में भी विधि-विधान के साथ हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। नौ दिनों के व्रत करने वाले माता के भक्त इस हवन-पूजन में विशेष रूप से शामिल हुए। मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ हवन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे शहर में हवन का सुगंध छाया रहा। वहीं पूर्णाहुति के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद माता की मंगल आरती व महाआरती संपन्न हुई।